जनपद हमीरपुर

थाना कोतवाली राठ **दिनांक 19.06.2026**

थाना कोतवाली राठ पुलिस द्वारा हत्या की घटना का सफल अनावरण, नामजद अभियुक्त गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल (लकड़ी की फट्टी) बरामद व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 18.06.2026 को वादिया श्रीमती सुदामा पत्नी स्वर्गीय शिवराम चौधरी निवासी मोहल्ला अतरौलिया, थाना राठ, जनपद हमीरपुर द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली राठ पर मु0अ0सं0 213/2026 धारा 105 बीएनएस बनाम नरेश चौधरी पुत्र स्वर्गीय शिवराम चौधरी निवासी उपरोक्त के विरुद्ध पंजीकृत किया गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 16.06.2026 को अभियुक्त द्वारा अपने पिता के सिर पर लकड़ी की फट्टी से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। परिजनों द्वारा घायल को उपचार हेतु सीएचसी राठ ले जाया गया, जहां से उन्हें उच्च चिकित्सा संस्थान रेफर किया गया। उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। प्राप्त तहरीर एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ की गई।

पुलिस कार्यवाही -

आज दिनांक 19.06.2026 को थाना कोतवाली राठ पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में नामित अभियुक्त नरेश चौधरी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के उपरांत अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल (लकड़ी की फट्टी) बरामद की गई। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमाण्ड हेतु प्रस्तुत किया गया।

गिरफ्तारी का स्थान-

बी0एन0बी0 डिग्री कृषि फार्म के कॉर्नर, पनवाड़ी रोड स्थित यात्री शेड के पास, थाना राठ, जनपद हमीरपुर।

बरामदगी-

घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल (लकड़ी की फट्टी)

गिरफ्तार अभियुक्त-

नरेश चौधरी पुत्र स्वर्गीय शिवराम चौधरी, निवासी मोहल्ला अतरौलिया, थाना राठ, जनपद हमीरपुर, उम्र करीब 40 वर्ष।

पुलिस टीम-

1. निरीक्षक अपराध देवेन्द्र कुमार मिश्रा
2. मुख्य आरक्षी रावेन्द्र सोनकर
3. आरक्षी राहुल यादव